अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2016-2017

हिन्दी साहित्य

कक्षा : VI

समय : 2 घंटे 15 मिनट **पूर्णांक : 80**

1. कविता का शीर्षक एवं कवि का नाम लिखकर, पंक्तियाँ पूरी करें एवं सरलार्थ भी लिखें :- **[2+6+6]**

पायो जो...............................

....

....

.... सवायो ।।

2. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखें :-

हमें अपनी मंजिल पर तो अवश्य पहुँचना ही चाहिए। पर मंजिल पर पहुँचना कोई आसान काम नहीं है। इसके लिए मनुष्य को एड़ी-चोटी का जोर लगाना पड़ता है। इस कठिन और महान कार्य को पूरा करने के लिए स्वावलंबन संजीवनी बूटी के समान है जो हमें सफलता के सोपान पर चढ़ने की प्रेरणा देती है।

1. स्वावलम्बन मनुष्य को किस कठिन और महान कार्य को पूरा करने में मदद करता है ? **[2]**
2. संजीवनी बूटी का क्या अर्थ है, इसका प्रयोग किसने किसके लिए किया था ? **[3]**
3. आपके द्वारा किए जाने वाले कोई दो ऐसे कार्य लिखिए, जिसमें आप पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर हैं ? **[3]**
4. गद्यांश में प्रयुक्त मुहावरा व उसका अर्थ लिखिए । **[2]**
5. 'स्वावलम्बन' शब्द हमें किस बात की प्रेरणा देता है ? **[2]**

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें :- **[4x4=16]**

1. वन संपदा के काटने के कैसे दुष्परिणाम दिखाई दे रहे हैं ? इससे बचने के क्या उपाय हैं ?
2. चोरों से संवाददाताओं ने क्या-क्या प्रश्न किए ?
3. स्वावलम्बन को किस प्रकार का अस्त्र बताया गया है ?
4. मीराबाई किस काल की प्रसिद्ध कवयित्री थीं ? संसार रूपी सागर को पार करने के लिए कवयित्री ने किन साधनों का प्रयोग किया ?

4. किसने-किससे, कब, और क्यों कहा ? **[2x6=12]**

1. "जल्दी आइए यह तो अपना ही घर है"।
2. "लाइए, मैं इसे सी देता हूँ"।

Downloaded From www.icseboard.org

5. **निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर, किन्हीं दो शब्दों से वाक्य बनाएँ :- (शब्द उतारें।)** [6+4=10]

समर्थ, मनोरम, अमोलक, सशक्त, इतमीनान, संरक्षण, तत्काल, संपदा, कोटि, वध, संभावना, संपन्न।

6. **खाली स्थानों में पाठ के अनुसार शब्द भरें :- (वाक्य उतारें)** [6]

1. एक दिन जब चिड़िया माँ लौटी तो सब बच्चे _________ हुए थे।
2. वृक्षों से ही भूमि की _________ कायम रहती है।
3. हमारी कैमरा टीम उस समय एक विशेष _________ पर है।
4. _________ कैमरों से _________ को उजागर होते देख उसे बहुत मजा आता।
5. तुलसी का _________ देवी की भाँति आदर सम्मान पाता है।

7. **एक या दो शब्दों में उत्तर दें :- (सिर्फ उत्तर लिखें)** [7]

(1) फिल्म रुकते ही टी.वी. पर किसका चेहरा उभरा ?

(2) संकल्प ने ई-मेल पर अपना क्या पता टाइप किया ?

(3) भारत प्राचीनकाल से ही किसका पुजारी रहा है ?

(4) नेटवर्क क्या है ?

(5) हमारी कौन सी आदत हमारे लिए घातक है ?

(6) वृक्ष किस प्रदूषण को दूर करने का एकमात्र सशक्त साधन हैं ?

(7) लाइव टेलीकास्ट का कोई एक उदाहरण दीजिए ।

8. **निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करें :-** [3]

वरिष्ट, प्रव्रत्ति, आतंकीत, वृहत, विभिषिका, पोष्टिक,

Downloaded From www.icseboard.org